# आईओए ने कुश्ती की तदर्थ समिति को भंग किया, डब्ल्यूएफआई ने जिम्मा संभाला

## दिसंबर में डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर तदर्थ समिति का किया था गठन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निलंबन हटाने और उसे पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण मिलने के बाद कुश्ती की तदर्थ समिति को भंग कर दिया। आईओए ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के निलंबन रद्द होने के बाद खेल के संचालन के लिए तदर्थ समिति की 'कोई जरूरत नहीं' है।

आईओए ने कहा कि तदर्थ समिति ने डब्ल्यूएफआई के सहयोग से अगले महीने के ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल का सफल आयोजन कर लिया है। खेल मंत्रालय ने दिसंबर में डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर तदर्थ समिति का गठन किया था। उनका यह दाव हालांकि उस समय उलटा पड़ गया जब इस खेल की वैश्विक संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने फरवरी में डब्ल्यूएफआई से

निलंबन हटा दिया। आईओए ने 10 मार्च को जारी आदेश में कहा, '' माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय डब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे प्रतिबंध को हटाने और आईओए द्वारा नियुक्त समिति द्वारा चयन ट्रायल के सफल समापन को देखते हुए लिया गया है। डब्ल्यूएफआई प्रमुख संजय सिंह ने चुनाव में जीत दर्ज करने वाली समिति को राष्ट्रीय महासंघ के संचालन का जिम्मा देने के लिए आईओए का शुक्रिया किया। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' हम डब्ल्यूएफआई का पूर्ण नियंत्रण देने के लिए आईओए को धन्यवाद देते हैं। हम पहलवानों को सारी सुविधाएं देंगे। हम जल्द ही राष्ट्रीय शिविर आयोजित करेंगे और अगर पहलवान विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं तो हम यह सुविधा भी देंगे। अब पूरा ध्यान ओलंपिक पर है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि हमारे पांच-छह पहलवान क्वालिफाई करेंगे।' संजय सिंह के नेतृत्व में नवनिर्वाचित डब्ल्यूएफआई द्वारा कथित तौर पर अपने नियमों का उल्लंघन करने के बाद 23 दिसंबर को भूपेंदर सिंह बाजवा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया गया था। तदर्थ समिति ने इस महीने की शुरुआत में अप्रैल में किर्गिस्तान में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप और एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए टीमों का चयन करने के लिए ट्रायल का आयोजन किया था। इस ट्रायल में विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने भी भाग लिया था। विनेश फोगाट ने 50 किग्रा वर्ग में ओलंपिक क्वालीफायर में जीत दर्ज करने में सफल रही लेकिन बजरंग को हार का सामना करना पड़ा था। ट्रायल के सफल समापन के बाद खेल की बागडोर डब्ल्यूएफआई को सौंप दी गई है। आईओए ने डब्ल्यूएफआई को यौन उत्पीड़न और नियमों के पालन जैसे अन्य मुद्दों की चिंताओं को दूर करने के लिए एक 'सुरक्षा समिति अधिकारी' नियुक्त करने का निर्देश दिया।

### खिलाड़ियों के प्रतिनिधित्व और भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कदम आवश्यक

डब्ल्यूएफआई की निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में खिलाड़ियों के प्रतिनिधित्व और भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए यह कदम आवश्यक है।'आदेश में डब्ल्यूएफआई को आईओए द्वारा कुश्ती मामलों के प्रबंधन के लिए तदर्थ पैनल को दिए गए 'ऋण को चुकाने' का भी निर्देश दिया गया है। संजय सिंह ने कहा कि जिस दिन मैंने चुनाव जीता, आप जानते हैं कि वह मेरे लिए कांटों का ताज था। रूकावटों के बावजूद हमने हर चीज की कोशिश की जो कर सकते थे। चाहे वह राष्ट्रीय चैम्पियनशिप (पुणे में) का आयोजन करना हो, या दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक तदर्थ समिति को अधिकारी और रेफरी प्रदान करना हो। मुझे यकीन है कि यह हमारे लिए संघर्ष का अंत है।

# रोहित मेरा मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे: हार्दिक पंड्या

⇨ पंड्या 2024 सत्र में मुंबई इंडियंस की अगुवाई करेंगे

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने सोमवार को कहा कि उनके पूर्ववर्ती रोहित शर्मा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में उनके मार्गदर्शक बने रहेंगे। पिछले दो सत्र में गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व करने वाले पंड्या 2024 सत्र में मुंबई इंडियंस की अगुवाई करेंगे। मुंबई इंडियंस ने पांच खिताब दिलाने रोहित को आश्चर्यजनक रूप से कप्तान पद से हटा कर पंड्या को यह जिम्मेदारी सौंपी है।

पंड्या ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इसमें पहले के मुकाबले कुछ अलग नहीं होगा। वह मेरी मदद के लिए हमेशा मौजूद रहेंगे। आपने बताया कि वह भारतीय टीम के कप्तान है, यह मेरे लिए मददगार होगा क्योंकि इस टीम ने अब तक जो भी हासिल किया है वह उनकी कप्तानी में ही मिला है और मुझे बस इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है।'उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि यह मेरे लिए अलग तरह की स्थिति होगी। यह अच्छा अहसास

होगा क्योंकि हम 10 साल से एक साथ खेल रहे हैं। मैंने अपना पूरा करियर उनके नेतृत्व में खेला है। मुझे उम्मीद है कि वह मेरा समर्थन और मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे।' ड्या ने इस बात को स्वीकार किया कि गुजरात टाइटन्स का साथ छोड़ने और मुंबई इंडियंस में रोहित की जगह कप्तान बनने पर प्रशंसकों के एक वर्ग ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी।

उन्होंने कहा कि प्रशंसकों का वह विद्रोह..... हम प्रशंसकों का सम्मान करते हैं। इसके साथ ही हम खेल पर ध्यान केंद्रित करते हैं और जो आवश्यक है उस पर ध्यान देते हैं। मैं उन चीजों पर ध्यान देने की कोशिश करता हूं जो मेरे हाथ में है। प्रशंसकों के पास हर अधिकार है और मैं उनकी राय का सम्मान करता हूं।' पंड्या ने कहा कि टीम का कप्तान नियुक्त होने के बाद वह रोहित से पिछले दो महीने से नहीं मिले है। वह सोमवार से शुरू होने वाले टीम के अभ्यास सत्र में पहली बार रोहित से मिलेंगे उन्होंने रोहित से मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हां और ना। वह यात्रा कर रहे हैं और राष्ट्रीय टीम के लिए खेल रहे हैं।' उन्होंने कहा कि हम पेशेवर हैं। अभी दो महीने ही हुए हैं। आज हम अभ्यास मैच खेलेंगे, जब वह यहां आयेंगे तो निश्चित तौर पर उनसे बातचीत होगी।' यह अनुभवी हरफनमौला खिलाड़ी आईपीएल के साथ शीर्ष स्तर की क्रिकेट में वापसी करेगा।

# अखिल-अनीश को स्वर्ण, भारत ने पोलिश ग्रां प्री में छह पदक जीते

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता अखिल श्योराण और अनीश भानवाला ने स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाले जिससे भारत ने पोलिश ग्रां प्री में अपना अभियान छह पदक से समाप्त किया। श्योराण ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन मैच 2 में 468.4 के रिकॉर्ड स्कोर से स्वर्ण पदक जीता। चेक गणराज्य के पैट्रिक जानी उनसे 2.2 अंक पीछे ग्रां प्री व्रोक्लाविया एवं डोलनेगो स्लास्का में दूसरे स्थान पर रहे। इन दोनों निशानेबाजों के स्कोर मौजूदा 466.1 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर से बड़े रहे जो चेक गणराज्य के जिरी प्राइब्रातस्की के नाम था। भानवाला ने इस प्रतियोगिता के साथ ही आयोजित की गयी जोजेफ जापेदज्की ग्रां प्री में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। भारत की 50 मीटर राइफल और 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम के कुछ सदस्य इस समय यूरोप के अभ्यास दौरे पर हैं जिसमें वे पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। भारतीय नौसेना के निशानेबाज नीरज कुमार ने भी प्रभावित किया। वह पुरुषों की राइफल थ्री पी के दोनों मैच में दो कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। इससे वह दो पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय बने।

# आरसीबी कप्तान डुप्लेसी बोले, विराट के साथ बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय

## कहा, अपनी ऊर्जा से टीम के प्रत्येक सदस्य को स्फूर्ति से भर देते हैं कोहली

एजेंस

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान फाफ डुप्लेसी का कहना है कि विराट कोहली अपनी ऊर्जा से टीम के प्रत्येक सदस्य को स्फूर्ति से भर देते हैं जो मैदान पर उनके शानदार प्रदर्शन का राज है। डुप्लेसी मैदान के बाहर भी इस भारतीय सुपरस्टार से काफी प्रभावित हैं क्योंकि दोनों की पसंद मिलती जुलती है।

कोहली ने 2021 सत्र के अंत में कप्तानी से हटने का फैसला किया था जिसके बाद डुप्लेसी को टीम की अगुआई की जिम्मेदारी सौंपी गयी। उन्होंने कहा कि कोहली के साथ बल्लेबाजी करने का अनुभव अविश्वसनीय होता है। डुप्लेसी ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा कि उनके साथ बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय है। मैं जिनके साथ बल्लेबाजी करना पसंद करता हूं, वह मेरे पसंदीदा खिलाड़ियों में शामिल है। वह क्रीज

पर मुझे काफी ऊर्जा से भर देते हैं। उन्होंने कहा, ''वह जिस तरह से हमेशा ऊर्जा से भरा रहता है, वह शानदार है। पता नहीं मैदान पर कैच लपकते हुए वह इतनी ऊर्जा कैसे बरकरार रह पाता है। हम दोनों बहुत प्रतिस्पर्धी हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हम टीम के लिए अच्छे कैच लपकें। 'कोहली भले ही अब कप्तान नहीं हों लेकिन उनकी सुझाव और क्षेत्ररक्षण करने वाली इकाई की ऊर्जा को बढ़ाने में उनकी भूमिका के डुप्लेसी मुरीद हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा, ''मुझे लगता है कि वह क्षेत्ररक्षकों का सजाने में मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहता है। जहां तक टीम का संबंध है तो वह काफी चीजों में अगुआई करता है लेकिन क्षेत्ररक्षण ऐसा विभाग है जहां वह मैदान में लय तय करता है और ऊर्जा भरता है। मैदान के बाहर भी कोहली से डुप्लेसी काफी प्रभावित होते है, उन्होंने कहा, ''हम दोनों खाना पसंद करते हैं और हम अपने फैशन पर भी काफी बातें करते हैं।

# तुर्किये में फुटबॉल मैच के बाद दर्शक और खिलाड़ियों के बीच झड़प

**अंकारा (तुर्किये)।** तुर्किये में शीर्ष स्तर की घरेलू फुटबॉल में ट्रैब्जोनस्पोर क्लब के प्रशंसकों ने हार के बाद मैदान पर हमला बोल दिया और मेहमान टीम फेनेरबाश के खिलाड़ियों के साथ हिंसक झड़प में उलझ गये। 'तुर्किये सुपरलीग' मैच में रविवार को फेनेरबाश के खिलाड़ियों ने जैसे ही ट्रैब्जोनस्पोर पर 3-2 की जीत का जश्न मनाना शुरू किया, घरेलू टीम के प्रशंसक मैदान पर आ गये। सरकारी अनादोलू एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार फेनेरबाश के खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच इसके बाद हिंसक झड़प शुरू हो गयी। इस बीच सुरक्षा कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को ड्रेसिंग रूम तक पहुंचाने में मदद की। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने सोमवार को 'एक्स', पर लिखा कि पुलिस ने हिंसा के सिलसिले में 12 लोगों को हिरासत में लिया है। येरलिकाया ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों में वह व्यक्ति शामिल है जिसने मैच के दौरान फेनेरबाश के कोच इस्माइल कार्तल पर पत्थर फेंका था।

# लक्ष्य, सिंधू स्विस ओपन बैडमिंटन में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे

**बासेल (स्विट्जरलैंड)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू होने वाले स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में अपनी शानदार लय जारी रखना चाहेंगे तो वहीं अनुभवी पीवी सिंधू की कोशिश एक बार फिर से अपने खेल के शिखर पर पहुंचने की होगी।

लक्ष्य ने इस साल की शुरुआत में मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद शानदार वापसी की है।


**सार्वजनिक सूचना**

मैं गंगा रानी पत्नी स्व0 रघबर दयाल निवासी बंद फटक, झुग्गी, अंबाला शहर, हरियाणा जो की मेरे स्व0 पति रघबर दयाल पुत्र ननकू राम के नाम जायदाद मौजा पत्ती कलाल अंबाला शहर जिसका खसरा नं 33/ /6, खाता न0 282 मिन/313/ रकबा 151 वर्गगज के नाम पर है जिनकी मृत्यु 03.01.2008 को हो चुकी है। मेरे पति की मृत्यु के बाद उपरोक्त जायदाद मेरे नाम की जाय। उपरोक्त बयान में कोई तथ्य गलत पाया गया तो मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।

**बेदखली सूचना**

मैं सोरण पुत्र श्री नराता राम, निवासी ग्राम व डाकखाना हरीपुर (बड़ाम), तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र विनोद कुमार, उसकी पत्नी गीता देवी तथा मेरा पुत्र राकेश कुमार व उसकी पत्नी प्रीती तथा उनके बच्चे अभिषेक पुत्र विनोद कुमार, प्रियांशु पुत्र राकेश कुमार मेरे व मेरी पत्नी के कहने सुनने से बाहर हैं तथा हमारे व परिवार के साथ झगड़ा करते हैं। इसलिए मैं उपरोक्त सभी को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**नाम परिवर्तन**

मैं, साहब सिंह पुत्र सूरत सिंह, निवासी गांव भिवानी खेड़ा, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र घोषणा करता हूं कि मेरी नाबालिग बेटी का नाम उसकी 12वीं की डीएमसी में पलकदीप दर्ज है, जबकि उसका वास्तविक नाम पलक दीप है। मैं अपनी बेटी का नाम पलक दीप करवाना चाहता हूं।

**नाम परिवर्तन**

मैं कृष्ण लाल भानकुर पुत्र श्री पन्ना लाल, निवासी मकान नं० 1215, सेक्टर 4, अर्बन एस्टेट, कुरुक्षेत्र, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम कृष्ण लाल भानकुर से बदलकर कृष्ण लाल रख लिया है। भविष्य में मुझे कृष्ण लाल के नाम से जाना जाए।

**बेदखली सूचना**

मैं श्याम लाल पुत्र श्री देशराज निवासी ग्राम अमीन, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र टिक्कू व पुत्रवधू काजल दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उन दोनों को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, यशस्वी (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्री राजेश कुमार वार्ड नं. 12, सुभाष कॉलोनी, कलायत, जिला कैथल, हरियाणा की स्थाई निवासी हूं। मैंनें अपना नाम यशस्वी (पुराना नाम) से बदल कर यशस्वी सिंह (नया नाम) रख लिया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, राजेश कुमार पुत्र जोगी राम पिता अभिनव (पुत्र का नाम) निवासी वार्ड नं. 12, सुभाष कॉलोनी, कलायत, जिला कैथल, हरियाणा का स्थाई निवासी हूं। मैनें अपने नाबालिग पुत्र का नाम अभिनव से बदलकर अभिनव कुमार जैष्ट रख लिया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, दया राम पुत्र श्रीचन्द पुत्र घीसा राम निवासी मकान नं. 7, वार्ड नं. 17, हंस नगर, चीका, तहसील गुहला, जिला कैथल (हरियाणा) बयान करता हूं कि हमारा वार्ड नं. 17, हंस नगर, चीका मे मकान है जिसका LIC Housing Finance Ltd. (Karna) के साथ डिस्प्यूट चल रहा है और केस प्रशासन के विचाराधीन है। यदि कोई व्यक्ति LIC Housing Finance Ltd. (Karna) के झांसे मे आकर मकान खरीदता है तो वह अपने नुकसान का स्वयं जिम्मेवार होगा।


## सु-डोकू-34

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 6 | 7 | | | 4 |
| | | 3 | | 4 | | 2 | 7 | |
| | | | 2 | | | | | 6 |
| | | 6 | 9 | | 2 | 7 | 3 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | 5 | 8 | | 6 | 1 | | |
| 6 | | | | | 5 | | | |
| | 8 | 2 | | 1 | | 9 | | |
| 3 | | | 6 | 9 | | | 2 | |

खड़े खड़े व 3×3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। पहेली के एक से अधिक हल हो सकते हैं।

**सु-डोकू-33 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 3 | 8 | 7 | 1 | 6 | 9 | 4 |
| 7 | 9 | 6 | 5 | 3 | 4 | 8 | 2 | 1 |
| 8 | 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 3 | 5 |
| 1 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 |
| 4 | 3 | 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 7 | 6 |
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 1 | 5 | 6 | 9 | 4 | 8 |
| 5 | 1 | 4 | 7 | 8 | 9 | 3 | 6 | 2 |
| 9 | 6 | 8 | 4 | 2 | 3 | 5 | 1 | 7 |

# फुल्टोन ने खिलाड़ियों के साथ ऑस्ट्रेलिया जाने का विकल्प चुना



एजेंसी

**नई दिल्ली।** ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की हॉकी टेस्ट श्रृंखला में 27 सदस्यीय मजबूत भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने भुवनेश्वर में अभ्यास कर रहे संभावित खिलाड़ियों के लगभग पूरे कोर समूह के साथ ऑस्ट्रेलिया जाने का विकल्प चुना है। भारतीय टीम एक अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी। टीम छह अप्रैल को अपना पहला मैच खेलेगा। इसके बाद सात, 10, 12 और 13 अप्रैल को मैच होंगे। सभी मैच पर्थ में खेले जाएंगे। इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के मद्देनजर हॉकी की सबसे मजबूत टीमों में से एक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह श्रृंखला टीम की तैयारियों के लिए काफी अहम है। यह दौरा फुल्टन को ओलंपिक के लिए अपनी संभावित 16 सदस्यीय टीम को परखने का मौका देगा। पेरिस ओलंपिक से पहले भारतीय टीम को मई में प्रो लीग के बेल्जियम चरण में खेलना है। ऐसे में खिलाडियों को परखने के लिए कोच और अधिक विकल्प मिलेगा। फुल्टोन ने हॉकी इंडिया से कहा, ''यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण दौरा होगा। इससे हम टीम के स्तर का पता लगाने के साथ यह जान पायेंगे कि पेरिस ओलंपिक से पहले हमें किन क्षेत्रों में बेहतर होना हैं। यह खिलाड़ियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है।' उन्होंने कहा लगभग पूरे कोर समूह के साथ दौरे पर जाने का फैसला किया है।

# कैसा रहेगा आज आपका दिन

डॉ. सुरेश मिश्रा, डायरेक्टर-कॉस्मिक एस्ट्रो प्रा. लि., पिपली (कुरुक्षेत्र)

**19-3-2024, मंगलवार ,विक्रमी सम्वत 2080, फाल्गुन मास , शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, पुनर्वसु नक्षत्र,चंद्रमा मिथुन राशि में, राहु काल दोपहर 3 बजे से 4 बज कर 30 मिनट तक।**

मेष। आज आप आय से अधिक खर्च नहीं करें। अपने महत्वपूर्ण कार्यों को स्थगित करें। पारिवारिक जीवन में मधुर सम्बन्ध बनाने का प्रयत्न करें।

वृष। आज आपकी किसी अच्छे मित्र से भेंट होगी। आपको अनावश्यक कार्यों से दूर रहना चाहिए । निजी व्यवसायिक कार्य में सफलता मिलने के योग है।

मिथुन। आज विशेष नई योजना में लाभ प्राप्ति के योग है। साहित्यिक रुचि बढ़ेगी और वाहन सावधानी से चलाएं।

कर्क। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। अचानक किसी प्रिय व्यक्ति से भेंट हो सकती है। आपके परिवार में सुख-शांति बढ़ेगी।

सिंह। आज निजी कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। घरेलू उलझनें आपके प्रयासों से ही सुलझेंगी। निजी व्यवसाय में विशेष लाभ के लिए अपने अनुभव का प्रयोग करें।

कन्या। आज आपको अपने परिवार से सहयोग मिलेगा। आपके पराक्रम की वृद्धि होगी और समाज में उचित सम्मान मिलेगा।

तुला। आज आप सोच समझकर भविष्य के लिए निर्णय लें। सकारात्मक सोचे और व्यापारिक कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही मत करें।

वृश्चिक। आज आप परिवार के सदस्यों पर विशेष ध्यान दें। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छे होने से मनोबल में वृद्धि करेगी। व्यवसाय की सकारात्मक सोच से वृद्धि करें।

धनु। आज आपका दिन भाग्यशाली रहेगा। धार्मिक कार्यक्रम आपके घर में होगें। आध्यात्मिक शिक्षा में रूचि बढ़ेगी।

मकर। आज आध्यात्मिक प्रवृत्ति के कारण मन में शांति रहेगी। पूंजी निवेश बढ़ेगा और अच्छी संगति से लाभ होगा। निजी व्यवसाय लाभदायी रहेगा।

कुम्भ। आज किसी समस्या का समाधान मिलेगा। संतान की ओर से अच्छे समाचार मिलेंगे। कई आर्थिक समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

मीन। आज सफलता के लिए अपने लक्ष्य को ध्यान में रखें। जोखिम के कार्यों में सावधानी रखे। ईश्वरीय ध्यान करना लाभदायक रहेगा।

# पिछले साल दबाव की स्थिति में आत्मविश्वास डगमगा गया था, इस सत्र में ऐसा नहीं हुआ

⇨ आरसीबी फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अपना पहला बड़ा खिताब जीतने में सफल रहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्मृति मंधाना का आत्मविश्वास पिछले साल दबाव की स्थिति में डगमगा गया था, लेकिन इस सत्र में वह अपनी मानसिकता को मजबूत करने में सफल रही जिससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अपना पहला बड़ा खिताब जीतने में सफल रहा।

आरसीबी ने कम स्कोर वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को तीन गेंद रहते आठ विकेट से हराकर दूसरे सत्र का खिताब जीता। मंधाना ने मैच के बाद मीडिया से कहा कि वह पिछले सत्र से अब तक एक कप्तान और खिलाड़ी के रूप में परिपक्व हुई हैं। उन्होंने रविवार रात को कहा, ''इस सत्र के दौरान मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा। पिछले साल इस मामले में मैं पिछड़ रही थी

जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा था।' उन्होंने कहा कि मुझे खुद पर कुछ चीजों को लेकर संदेह था लेकिन वह मेरे दिमाग की वास्तविक बातचीत थी, मुझे खुद पर भरोसा रखने की जरूरत है और मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सबसे बड़ी सीख थी।' दूसरे सत्र में मंधाना ने ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि हरमनप्रीत कौर ने डब्ल्यूपीएल के पहले सत्र में मुंबई इंडियंस को खिताब दिलाया था। मंधाना ने कहा कि यह भारतीय क्रिकेट में बढ़ती प्रतिभा को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ''पिछले साल जब मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स फाइनल में खेल रहे थे, तो कहीं न कहीं मुझे उम्मीद थी कि हरमन इसे जीत लेगी। मैं खुद चाहती थी कि डब्ल्यूपीएल का पहला सत्र कोई भारतीय कप्तान जीते। अगर मैं नहीं तो यह हरमनप्रीत को जीतना चाहिये। मैं हरमन और मुंबई की टीम के लिए वास्तव में खुश थी।' उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट के दूसरे सत्र को जीतने वाली मैं दूसरी भारतीय कप्तान हूं। यह वास्तव में दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट में कितनी प्रतिभा है और यह तो बस शुरुआत है, हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है।'


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

मुख्य अभियन्ती निर्माण, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ई टेन्डर प्रणाली द्वारा खुली निविदा एकल पैकेट पद्धति के अन्तर्गत आमंत्रित की जाती है.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य नाम व निष्पादन की अवधि | सहारनपुर अम्बाला खण्ड पर रूडकी यार्ड में कि०मी० 1556.839 पर क्षेत्र के भूतल स्तर में वृद्धि के कारण आर०यू०वी० भागों में रिसाव को रोकने के लिए जल पूफिंग उपचार का पावधान। कार्य निष्पादन की अवधि 3 (तीन) माह |
| 2. | कार्य कर अनुमानित लागत | 140.33 लाख |
| 3. | धरोहर राशि रू | 2,20,2000.00 रूपये |
| 4. | निविदा अपलोड करने एवं खुलने की तिथि व समय | निविदा IREPS साईट अर्थात www.ireps.gov.in पर 12.04.2024 को 11.30 वजे तक अपलोड हो सकती हैं। विडडर ई–टैन्डर में भाग ले सकते हैं। निविदा 12.04.2024 को 11.30 बजे खुलेंगी। |
| 5. | वेवसाईट का पता व कार्यालय का पता जहॉ पर निविदा की विस्तृत डिटेल देखी जा सकती है। | विस्तृत ई–निविदा सूचना उत्तर रेलवे वेवसाईट अर्थात www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। तथा निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आफर सवमिशन हेतु IREPS वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर 22.03.2024 से 12.04.2024 नक उपलब्ध होंगे। उपरोक्त निविदा के सम्बन्ध में अन्य सभी नियम व शर्ते निविदा दस्तावेज में दी गई विस्तृत निविदा सूचना उक्त कार्यालय के सूचना पटट पर भी देखी जा सकती है। |

टेन्डर नोटिस सं0 115 डब्लयू/उप.मु.अभि./नि./अ.छा./2023–24,
दिनांक: 18.03.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 868/24

**अस्वीकरण सूचना**

पाठकों को इस प्रकाशन में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले उपयुक्त पूछताछ करने और उचित परामर्श लेने की सलाह दी जाती है। जगमार्ग विज्ञापनदाताओं के उत्पादों और सेवाओं को लेकर किए गए दावों की जिम्मेदारी नहीं लेता है। अगर विज्ञापनदाता ऐसे दावों का सम्मान नहीं करते हैं तो जगमार्ग प्रकाशन समूह को किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकेगा।